## शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## मध्यावधि अभ्यास प्रश्न-पत्र

## सत्र: 2025-26

**कक्षा - 7** **विषय - हिन्दी**

**समय - 2:30 घंटे** **अधिकतम अंक - 60**

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को पढ़कर उनका पालन कीजिए :**

- **इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।**
- **इस प्रश्नपत्र में कुल 11 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नपत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं|**
- **प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।**
- **यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

## खंड - 'क' (अपठित बोध)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(5)**

एक पेड़ एक छोटे से लड़के को बहुत प्यार करता था। लड़का रोज पेड़ के पास आता, फूलों की माला बनाता, उसके तने पर चढ़ता, उसकी शाखाओं से झूलता, उसके फल खाता और उसके साथ खेलता। जब वह थक जाता तो पेड़ की छाँव में सो जाता। लड़का और पेड़ दोनों बहुत खुश थे।

कई साल बाद वह लड़का पेड़ के पास आया। उसने पेड़ से कहा "मेरी शादी होने वाली है। मुझे एक घर चाहिए। क्या तुम मुझे घर दे सकते हो?" पेड़ ने कहा "घर तो मेरे पास है नहीं। लेकिन तुम मेरी शाखायें काट कर उनसे घर बना लो।" युवक पेड़ की सभी शाखाओं को काटकर ले गया, बस तना बच गया।

(i) **पेड़ किसको प्रेम करता था?** **1**

(क) धरती को

(ख) सूरज को

(ग) लड़के को

(घ) मालाओं को

(ii) **थकने के बाद लड़का क्या करता था?** **1**

(क) पेड़ पर चढ़ना

(ख) पेड़ को कटना

(ग) पेड़ के नीचे सोना

(घ) डालियों पर झूलना

(iii) **कई साल बाद लड़का पेड़ के पास क्यों गया?** 1

(iv) **पेड़ की सलाह पर युवक ने क्या किया**? 2

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(5)**

वर्षा बहार सबके, मन को लुभा रही है
नभ में छटा अनूठी, घनघोर छा रही है।
बिजली चमक रही है, बादल गरज रहे हैं
पानी बरस रहा है, झरने भी बह रहे हैं।
चलती हवा है ठंडी, हिलती हैं डालियाँ सब
बागों में गीत सुंदर, गाती है मालिनें अब।
तालों में जीव जलचर, अति हैं प्रसन्न होते,
फिरते लखो पपीहे, हैं ग्रीष्म ताप खोते।

**(i) काव्यांश में वर्षा का सब पर क्या प्रभाव हो रहा है?** **1**

(क) दुख

(ख) क्रोध

(ग) प्रसन्नता

(घ) कष्ट

**(ii) जलचर का अर्थ होता है:-** **1**

(क) पानी में डूबी हुई वस्तुएं

(ख) पानी के ऊपर चलाने वाली नाव

(ग) खारे पानी से बनने वाला नामक

(घ) पानी में रहने वाले जीव-जंतु

(iii) **काव्यांश के अनुसार मालिनें कहाँ गीत गा रही हैं?** 1

(iv) **वर्षा के समय कौन-कौन सी घटनाएँ होती हैं? दो घटनाएँ लिखिए।** 2

## खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण

प्रश्न 3. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 10x1=10

(i) **'दाँत खट्टे करना'** मुहावरे का सही अर्थ लिखिए।

(ii) '**सौभाग्य'** शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग लिखिए ।

(iii) '**प्रगतिशील'** शब्द में प्रत्यय लिखिए।

(iv) **संभ्रांत महिला की तरह वे प्रतीत होती थीं।** वाक्य में विशेषण छाँटकर लिखिए ।

(v) **यह मुरली बड़ी अच्छी बज रही है।** वाक्य में क्रिया का भेद बताइए।

मिलान कीजिए:

| | |
|---|---|
| (vi) '**बुढ़ापा**' शब्द का संज्ञा भेद | नर्तक |
| (vii) '**सिंधु'** शब्द का पर्यायवाची शब्द | शत्रु |
| (viii) '**नृत्यांगना'** शब्द का पुल्लिंग | भाववाचक संज्ञा |
| (ix) '**मित्र'** शब्द का विलोम | दिवस |
| (x) '**दिन'** का तत्सम शब्द | सागर |

## खंड ग - पाठ्यपुस्तक

**प्रश्न 4. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 4x1=4**

अभी तक मैंने उन्हें दूर से देखा था। बड़ी गंभीर, शांत, अपने आप में खोई हुई लगती थीं। संभ्रांत महिला की भाँति वे प्रतीत होती थीं। उनके प्रति मेरे दिल में आदर और श्रद्धा के भाव थे। माँ और दादी, मौसी और मामी की गोद की तरह उनकी धारा में डुबकियाँ लगाया करता। परंतु इस बार जब मैं हिमालय के कंधे पर चढ़ा तो वे कुछ और रूप में सामने थीं। मैं हैरान था कि यही दुबली-पतली गंगा, यही यमुना, यही सतलुज समतल मैदानों में उतरकर विशाल कैसे हो जाती हैं! इनका उछलना और कूदना, खिलखिलाकर लगातार हँसते जाना उनकी यह भाव-भंगी, इनका यह उल्लास कहाँ गायब हो जाता है मैदान में जाकर?

(i) गद्यांश के अनुसार कौन बड़ी गंभीर, शांत, अपने आप में खोई हुई लगती थीं?

(क) चिड़ियाँ

(ख) नदियाँ

(ग) कलियाँ

(घ) परियाँ

(ii) नदियों के प्रति लेखक के मन में किस प्रकार के भाव थे?

(क) सम्मान और त्याग

(ख) ईर्ष्या और लालच

(ग) आदर और श्रद्धा

(घ) अर्पण और समर्पण

(iii) गद्यांश के अनुसार लेखक किसकी गोद की तरह नदी में डुबकियाँ लगाया करता था?

(क) बुआ की

(ख) बहन की

(ग) माँ की

(घ) प्रकृति की

(iv) गद्यांश के अनुसार लेखक हिमालय पर चढ़कर हैरान क्यों था?

(क) काले-काले बादल देखकर

(ख) ऊँचे पहाड़ की सुंदरता देखकर

(ग) नदियों की विशालता को देखकर

(घ) नदियों को दुबली-पतली देखकर

प्रश्न 5. निम्नलिखित गद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2x2= 4

(i) 'पापा खो गए' पाठ में आपको सबसे बुद्धिमान पात्र कौन लगा और क्यों?

(ii) यासुकी-चान को पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोत्तो-चान ने अथक प्रयास क्यों किया?

(iii) खिलौने वाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी?

प्रश्न 6. निम्नलिखित गद्य आधारित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- 2x3=6

(i) मिठाई वाले में कौन-से गुण थे कि सभी उसकी ओर खिंचे चले आते थे?

(ii) क्या कारण था कि सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर नहीं पहुँचा पा रहे थे?

(iii) 'पापा खो गए' पाठ में लाल ताऊ किस प्रकार शेष पात्रों से भिन्न है?

प्रश्न 7. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 4x1=4

स्वर्ण-श्रृंखला के बंधन में
अपनी गति, उड़ान सब भूले,
बस सपनों में देख रहे हैं
तरु की फुनगी पर के झूले।

ऐसे थे अरमान कि उड़ते
नीले नभ की सीमा पाने
लाल किरण-सी चोंच खोल
चुगते तारक-अनार के दाने।

(i) काव्यांश के अनुसार पक्षी किस प्रकार के बंधन में बंधे हुए हैं?

(क) घोंसले में

(ख) ज़ंजीर में

(ग) सोने के पिंजरे में

(घ) रस्सी में

(ii) काव्यांश के अनुसार पक्षी 'उड़ान' को सपनों में क्यों देख रहे हैं?

(क) पक्षी परतंत्र हैं

(ख) पक्षी आज़ाद हैं

(ग) पक्षी सोये हैं

(घ) पक्षी स्वतंत्र हैं

(iii) काव्यांश के अनुसार पक्षी की क्या इच्छा है?

(क) खाने की

(ख) सोने की

(ग) उड़ने की

(घ) जगाने की

(iv) काव्यांश में तारों की तुलना किससे की गई है?

(क) नीले आकाश से।

(ख) लाल चोंच से।

(ग) अनार के दानों से।

(घ) भोजन करना।

प्रश्न 8. निम्नलिखित पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों में से **किन्ही दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिये। 2x2= 4

(i) कठपुतली अपने पाँवों पर क्यों नहीं खड़ी हो पाती?

(ii) कठपुतली को क्रोध क्यों आया?

(iii) पक्षी पिंजरे में क्यों नहीं रहना चाहते हैं?

प्रश्न 9. निम्नलिखित पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों में से **किन्ही दो** प्रश्नों के उत्तर (30-40 शब्दों) में दीजिए। 2x3=6

(i) रहीम ने सच्चे मित्र की क्या कसौटी बताई है?

(ii) आपके विचार से पक्षी पालना उचित है अथवा नहीं?

(iii) 'शाम एक किसान' पाठ में किसान को किस रूप में प्रदर्शित किया गया है?

## खंड घ - (रचनात्मक लेखन)

प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए - 1x6=6

आप अपने विद्यालय में चल रही वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को पत्र लिखिए।

अथवा

गीत-गायन प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने छोटे भाई को बधाई देते हुए पत्र लिखिए ।

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - 1x6=6

(क) दशहरा (ख) परिश्रम का महत्त्व (ग) योग दिवस